CVG- 002

कार्यक्रम : वैदिक गणित में प्रमाणपत्र
कार्यक्रम कोड : CVG

पाठ्यक्रम –वैदिक अंकगणित
पाठ्यक्रम कोड : CVG 002

सत्रीय कार्य

जुलाई 2026 एवं जनवरी 2027 सत्रों के लिए

मानविकी विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

सत्रीय कार्य

कार्यक्रम : वैदिक गणित में प्रमाणपत्र
पाठ्यक्रम : वैदिक अंकगणित CVG 002
सत्रीय कार्य : जुलाई 2026 एवं जनवरी 2027

कार्यक्रम कोड : **CVG**
पाठ्यक्रम कोड : **CVG 002/2026 - 2027**

प्रिय छात्र/छात्राओं,

यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (**TMA**) है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। सत्रीय कार्य में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएँगे।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

निर्देश :– सत्रीय कार्य आरम्भ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए :

1) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दायें सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनाँक लिखिए।

2) बाईं ओर पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख करें जैसा आगे दिखाया गया है ।

अनुक्रमांक : .....
नाम : .....
पता : .....
दिनाँक : .....

....

पाठ्यक्रम का नाम/कोड : .....
सत्रीय कार्य कोड : .....
अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड : .....

सत्रीय कार्य जमा कराने की तिथियाँ :

जुलाई 2026 सत्र के लिए : 31 अक्टूबर 2026

जनवरी 2027 सत्र के लिए : 31 मार्च 2027

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

1. **अध्ययन :** सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से व्यवस्थित कीजिए।

2. **अभ्यास :** उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से विचार कीजिए। निबंधात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्धता और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

(क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,

(ख) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,

(ग) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

3. **प्रस्तुति** : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ तो उसे साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

शुभकामनाओं के साथ

नोट : याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सत्रीय कार्य

कार्यक्रम : वैदिक गणित में प्रमाणपत्र
पाठ्यक्रम : वैदिक अंकगणित CVG 002
सत्रीय कार्य : जुलाई 2026 एवं जनवरी 2027

कार्यक्रम कोड : CVG
पाठ्यक्रम कोड : CVG 002/2026 - 2027

प्र. स.ंक. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 04X 15= 60

1. शून्यं साम्यं समुच्चये की उपयोगीता को स्पष्ट कीजिए ।
2. उर्ध्वतिर्यग्भ्याम् सूत्र के प्रयोग को विस्तार से समझाइए
3. एकन्यूनेन पूर्वेण सूत्र को स्पष्ट कीजिए ।
4. वैदिक गणित के सूत्रों की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।
5. अंकगणित के प्रादुर्भाव पर लेख लिखिए ।

प्र. स.ंख. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर टिप्पणी लिखिए – 04X 10= 40

1. ब्रह्मगुप्त
2. श्रीनिवास रामानुजन
3. महावीर आचार्य
4. आर्यभट्ट
5. श्रीपति